# पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

( छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित )

कोनी--बिरकोना मार्ग ,बिलासपुर (छ.ग.) 495009

दूरभाष क्रमांक : (07752) 240752,240712

www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in


क्र. 73 / पौ.मै.छा.शा. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 02/05/2023

प्रति,

.................................................

.................................................

.................................................

विषयः– सत्र जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं सत्र जुलाई –जून 2022–23 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन के विषय में।

000

उपरोक्त विषय के अनुक्रम एवं संदर्भित पत्र के परिपालन हेतु विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय, उपक्षेत्रीय केंद्र एवं उनके अधीनस्थ अध्ययन केन्द्रों को सूचित किया जाता है कि सत्र जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं सत्र जुलाई–जून 2022–23 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन, स्वीकृति एवं विवरण कार्यवाही नवीन वेबसाइट **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** पर ऑनलाइन की जा रही है।

वर्ष 2022–23 से अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार , सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्रालय , नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार **NSP** पोर्टल **scholarships.gov.in** पर आवेदन किया जाना है। इस पोर्टल में सफल पंजीयन करने के पश्चात आवेदन की शेष जानकारी हेतु छ.ग. राज्य पोर्टल **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** में आवेदन करना अनिवार्य है। उक्त दोनो पोर्टल पर आवेदन नहीं करने पर छात्रवृत्ति भुगतान नहीं होगा।

आवेदन करने एवं संस्था स्तर पर उक्त प्रकरणें से संबंधित प्रक्रियाओं हेतु निम्नानुसार अंतिम तिथियाँ निर्धारित की गई है–

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) | दिनांक 27/04/2023 से दिनांक 03/05/2023 तक |

उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि 03/05/2023 तक ऑनलाइन आवेदन करें एवं दिनांक 03/05/2023 तक आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें।

उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् यदि संबधित विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जावेगी तो ऐसे आवेदनों को प्रोसेस नहीं किये जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

**संलग्न :– छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक दस्तावेज एंव सूची।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्र. 74 / पौ.मै.छा.शा. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 02/05/2023

प्रतिलिपि–

1. कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय समन्वयक, बिलासपुर, रायपुर, अम्बिकापुर, जशपुर,जगदलपुर, दुर्ग, उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर को सूचनार्थ।
3. परीक्षा विभाग को सूचनार्थ।
4. विभाग प्रमुख वेबसेल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सूचना पत्र को विश्वविद्यालय की वेब साईट में अपलोड करें।

क्षेत्रीय समन्वयक
क्षेत्रीय सेवा प्रभाग

# पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

1कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर छ.ग. पिन नं.– 495005,
Email – registrar@pssou.ac.in, Website – www.pssou.ac.in
फोन : 07752–210312,210307,210308,210309, फैक्स: 07752–213073


## विश्वविद्यालय में चल रहें POST Matric ST/SC Scholarship -2022-23 संबंधी आवश्यक निर्देशः–

- सत्र जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं सत्र जुलाई–जून 2022–23 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन, स्वीकृति एवं विवरण कार्यवाही **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** नवीन वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।
- छात्र इंस्टीट्यूट में **PT. SUNDAR LAL SHARMA OPEN UNIVERSITY,BILASPUR (INSTITUTE ID -13750017)** का चयन करे |
- **Institute Id** : **13750017**
- **Admission Type*** : **Merit Basis**
- **Mode of Study *** : **Distance /Correspondance Learning**
- **Hosteller or Day Scholar * :** **Day Scholar**

  का चयन करे |
- सत्र 2022-23 के छात्र एनरोलमेंट नंबर के स्थान पर स्टूडेंट आई डी. का उपयोग करे |
- सत्र जनवरी –दिसम्बर 2022 के छात्र एडमिशन डेट में 01 जुलाई 2022 का उपयोग करे
- ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के पश्चात उसका प्रिंट आउट लेकर उसके साथ सभी आवश्यक दस्तावेज सहित छात्रवृति प्रकोष्ट विश्वविद्यालय मुख्यालय बिलासपुर में जमा करना अनिवार्य है |

# शपथ पत्र

मैं ............................................................ पिता/पति का नाम ...............................................................

उम्र ......................... निवासी–ग्राम/नगर ..................................................... तहसील ...................

...जिला :.................................................. छ.ग. शपथपूर्वक करता/करती हूँ कि –

1. मैं वर्तमान में शिक्षा सत्र .................................. में पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा संचालित पाठ्यक्रम ............................................ में ...................................................... वर्ष की विद्यार्थी हूँ।
2. छत्तीसगढ़ राज्य शासन की स्कॉलरशिप पोर्टल पर मेरे ऑनलाइन आवेदन की क्रमांक........................................ है।
3. मैं वर्तमान में किसी भी शासकीय/अर्ध शासकीय/अशासकीय संस्थान में सवैतनिक पद पर कार्यरत नहीं हूँ।
4. चालू वित्तीय वर्ष 2022--23 में सकल स्त्रोतों से मेरे परिवार की वार्षिक आय .................. है, जो कि मेरे आय प्रमाण पत्र में दर्ज है।
5. मेरे द्वारा बिंदु क्रमांक 1 से 4 तक की दी गई जानकारी सत्य है।

आवेदक का नाम/हस्ताक्षर : ......................................
पाठ्यक्रम : ......................................
मोबाईल नं. : ......................................

## आवश्यक दस्तावेज

1. छात्रवृत्ति ऑनलाइन लॉक की गई आवेदन की स्वप्रमाणित प्रति।
2. विश्वविद्यालय में प्रवेश के आवेदन एवं चालान की स्वप्रमाणित प्रति।
3. 10 वी, 12 वी ,स्नातक ,स्नातकोत्तर एवं पूर्व वर्षो में उत्तीण की गई परीक्षा की अंकसूचीयो की स्वप्रमाणि छाया प्रति।
4. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी स्थायी जाति,निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
5. ऐसे सारे आवेदनकर्ता जिनके पालक शासकीय / अशासकीय सेवा में कार्यरत है उनके आय प्रमाण पत्र नियोक्ता द्वारा जारी होना चाहिए। शासकीय सेवारत की स्थिती में फॉर्म 16 संलग्न करे।
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी चालू वित्तीय वर्ष का समस्त स्त्रोतों से परिवार की वार्षिक अधिकतम आय रु. 2.50 लाख तक की आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति जिसमे हितग्राही आवेदक का नाम स्पष्ट अंकित हो ।
7. आय प्रमाण पत्र वर्तमान का बना हुआ मूल प्रति सील व हस्ताक्षर किया हुआ होना अनिवार्य है।
8. सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार से लिंक बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करे।
9. आवेदक के स्वयं की बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ (जिसमे आवेदक का नाम , खाता क्रमांक एवं बैंक IFSC कोड का स्पष्ट उल्लेख हो ) की स्वप्रमाणि छाया प्रति।
10. आवेदक का आधार कार्ड की स्वप्रमाणि छाया प्रति।
11. शपथ पत्र नोटरी द्वारा सील व हस्ताक्षर किया हुआ होना अनिवार्य है।

उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् यदि संबधित विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जावेगी तो ऐसे आवेदनों को प्रोसेस नहीं किये जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

- अधिक जानकारी के लिए **https://www.pssou.ac.in/index?page=about&about_id=SCHOLORSHIP** छात्रवृत्ति अधिसूचना का अवलोकन करना चाहे।